# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 13.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 03 भूमि विवाद व 06 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

**प्रेस-नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध के रोकथाम एंव अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन तथा चन्दन थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के नेतृत्व में उ0नि0 नन्दलाल यादव मय टीम द्वारा आज दिनांक 13.06.2024 को वाद संख्या 738/2023 धारा 128 सी0आर0पी0सी0 से संबंधित 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया l**

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-**

**01.बुद्धसागर पुत्र जोतू उर्फ़ जोतनरायन साकिन मन्नीजोत थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 नन्दलाल यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थ नगर।**

**02.मु0आ0 यशवंत कुमार थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनाँक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ **यूपी गैंगस्टर एक्ट का ₹15000/- का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार।**

◆**थाना कठेला समयमाता पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**

◆**अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

सुश्री प्राची सिहं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन व सन्तोष कुमार सिहं थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के नेतृत्व में आज दिनांक 13.06.2024 को मु0अं0स0 28/24 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित ₹15000/- का इनामिया अभियुक्त को सोनबरसा पुल के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.दिनेश पुत्र रामदीन सा0 तौलिहवा टोला कचरिहवा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास का विवरण-**

01.मु0अ0सं0 125/23धारा 457,380,411 भा0द0वि0 थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. संतोष कुमार सिंह थानाध्यक्ष कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

01. हे0का0 भूपेन्द्र सिंह थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

02. का0 हरिकेश पासवान थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

**दिनांक 11.6.2024 को समय करीब 9:00 बजे रात्रि ग्राम बेलसर से अमित चौहान पुत्र जनार्दन निवासी बेलसर उसका राजा की तरफ मोटर साइकिल से जा रहे थे ग्राम नोखनिया के पास बांध पर एक बकरी क्रॉस करते हुए मोटर साइकिल के से टकरा गई जिस पर वहीं के प्रीति पत्नी पिंटू ने मोटर साइकिल को रोकते हुए कहने लगी की ठीक प्रकार से क्यों नहीं चलाते हो इसी बात को लेकर प्रीति के बगल मकान वाले राजकुमार पुत्र शंभू से कहा सुनी होने लगी जिस पर अमित चौहान ने अपने गांव फोन करके 6,7 लोगों को बुला लिया तथा ग्राम नौखनिया बांध पर दोनों पक्षों के बीच कहां सुनी होने लगी तथा आपस में मारपीट की घटना हुई। घटना के दौरान बेलसर के लोग राजकुमार के घर में घुसकर उनके बहन सुमन तथा उनके पिता शंभू को खींचकर बाहर लाकर मारे-पीटे तथा दोनों पक्षों में मारपीट के दौरान ग्राम बेलसर के रहने वाले सूरज चौहान, दुर्ग विजय, सर्वजीत, राहुल व अमित घायल हो गए तथा ग्राम नोखनिया के शंभू चौहान उसका लड़का राजकुमार चौहान उनकी लड़की सुमन घायल हो गई दोनों पक्षों का इलाज जिला चिकित्सालय सिद्धार्थनगर में चल रहा है ग्राम नोखनिया के शंभू पुत्र दुलारे ने ग्राम बेलसर के निवासी जो घटना में शामिल थे उनके ऊपर यह आरोप लगाते हुए कि उसकी लड़की सुमन को बलात्कार करने की नीयत से अपहरण करके उठा ले गए तथा गांव के दूर संदिग्ध अवस्था में छोड़ दिए तथा मारपीट किए जबकि मात्र दोनों पक्षों में बांध पर लोगों की आवास के सामने मारपीट की घटना हुई है। इसमें बलात्कार का प्रयास और छेड़खानी लिखवाना चाहती है। दोनों पक्षो ने दोपहर में थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है।**

# प्रेस-नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆दुष्कर्म का वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना भवानीगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं के निर्देशन में एवं रामदेव थानाध्यक्ष भवानीगंज के नेतृत्व में दिनांक 10.06.2024 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2024 धारा 376(2)(N) भा0द0वि0 व 3(2)5 एस0सी0एस0टी0 एक्ट में वाछिंत 01 नफर अभियुक्त को आज दिनांक 13.06.2024 को बेवा चौराहे से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.सहजाद अली पुत्र अब्दुल वोहाब ग्राम गरदहिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.रामदेव थानाध्यक्ष भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आ0 रितेश सिंह  थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आ0 अवनीश राय थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

`प्रेस नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

◆अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व सुजीत राय, क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में व थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 13.06.2024 को अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र मोहम्मद उमर निवासी खजुरिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ भैसहवा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 98/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.निजामुद्दीन पुत्र मोहम्मद उमर निवासी खजुरिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास का विवरण-**

01.मु0अ0सं0 175/2018 धारा 302/201/34 भा0द0वि0 व 3(2)(v)एससी/एसटी एक्ट थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 जितेन्द्र कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 अर्जुन यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"यातायात पुलिस " द्वारा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, दो पहिया वाहनों मे लगे मॉडिफाइड सायलेंशर , वाहनों पर प्रेशर हॉर्न उपयोग करने एवं सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनो को हटवाना आदि के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।**

**◆"यातायात नियम" का पालन न करने वाले 81 वाहन चालको से ₹94,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे, श्री सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री अरुणकांत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा आज दिनांक 13.06.2024 को सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया, 05 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न उपयोग करने एवं 04 दो पहिया वाहनों मे लगे मॉडिफाइड सायलेंशर के साथ कुल 81 वाहनों का चालान करते हुए ₹94500/- शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में किया गया ग्रान्ड चेकिंग ।

◆थानाक्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, पेट्रोल पम्प, ग्राहक सेवा केन्द्र व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर की गयी चेकिंग।

◆संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं/स्थानों की सघन चेकिंग की गयी ।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 30-10-2023 को जनपद के समस्त चौकी प्रभारीगण/हल्का प्रभारीगण/उपनिरीक्षक/आरक्षीगण द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, पेट्रोल पम्प, ग्राहक सेवा केन्द्र व भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि की सघन चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान दिखाई देने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों का गहन जांच पड़ताल किया गया । चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिला ।

**प्रेस नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में किया गया ग्रान्ड चेकिंग ।

◆थानाक्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं/स्थानों की सघन चेकिंग की गयी ।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 13-06-2024 को जनपद के थाना प्रभारीगण/चौकी प्रभारीगण/आरक्षीगण द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों व भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि की सघन चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान दिखाई देने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों का गहन जांच पड़ताल किया गया । चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिला ।

**प्रेस नोट दिनांक 13.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्यौहार ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान, ईद-उल-जुहा (बकरीद) व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 13-06-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ज्येष्ठ गंगा दशहरा स्नान व ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।**